प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.11.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे मौजूद रहे।






## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- **06.11.2024** को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर जागरुक किया गया।






## थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव मय हमराह का0 विवेक दिवाकर के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 228/24 धारा 105 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त जियालाल पुत्र मैयादीन अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम बरा तिराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उ0नि0 विकाशधर दुबे मय हमराह का0 पकंज कुमार के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 245/24 धारा 108 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अमित ताम्रकार उर्फ गोलू उम्र 27 वर्ष पुत्र कल्लू ताम्रकार उर्फ अशोक कुमार निवासी मुहल्ला मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम बिलखी तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण उपरोक्त को बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली प्रथम पुलिस टीम-
1. व0उ0नि0 कन्हैयालाल यादव
2. का0 विवेक दिवाकर

### गिरफ्तार करने वाली द्वितीय पुलिस टीम-
1. उ0नि0 विकाशधर दुबे
2. का0 पकंज कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-
1. जियालाल पुत्र मैयादीन अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
2. अमित ताम्रकार उर्फ गोलू उम्र 27 वर्ष पुत्र कल्लू ताम्रकार उर्फ अशोक कुमार निवासी मो0 मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.11.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता हेतु चलाया गया अभियान, यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई एवं शपथ दिलाते हुए वाहनों में लगाए गए जागरुकता पम्पलेट।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम के लिए चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर के तहत यातायात जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक- 06.11.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत महोबा मुख्यालय नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले मोटर साइकिल, कार एवं बैटरी ई-रिक्शा चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा उनके वाहनों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता से सम्बन्धित स्टिकर को चस्पा किया गया साथ ही तथा यातायात नियमों के अनुपालन हेतु पंपलेट वितरित किए गए।

इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात जागरूकता माह कार्यक्रम के तहत मुख्यालय महोबा के परमानंद चौक स्थित टैक्सी स्टैंड एवं रोडवेज बस स्टैंड पहुंचकर बस एवं टैक्सी चालकों को एकत्रित कर उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया जिसमें उनको वाहन चलाते समय किन-किन सावधानियों को ध्यान देना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटना रोका जा सके। इन यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन किये जाने की  शपथ दिलाई गई।



